सत्यमेव जयते

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES

सं0 एस/3/2012/एसटीजीसीजी/डीईओटीएच/आर.यू.-III

छठी मंजिल, 'बी' विंग, लोक नायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली-110003
6th Floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003

Dated 12.09.12

सेवा में,

1. सचिव,
सिंचाई विभाग,
छत्तीसगढ़ सरकार,
रायपुर

2. सचिव,
राजस्व विभाग,
छत्तीसगढ़ सरकार,
छत्तीसगढ़

3. सचिव,
आदिम जाति कल्याण विभाग,
छत्तीसगढ़ सरकार,
रायपुर

4. जिला कलेक्टर,
जिला-जशपुर,
छत्तीसगढ़

विषयः छत्तीसगढ़ के जिला जशपुर, विकासखण्ड पत्थल गांव के अन्तर्गत लोकेर जलाशय योजना से आदिवासियों के प्रभावित होने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय पर इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 23/08/2012 (प्रति संलग्नकों सहित प्रति संलग्न) का अवलोकन करें। इस पत्र के द्वारा सचिव, सिंचाई विभाग छत्तीसगढ़ सरकार, रायपुर तथा उपायुक्त (जिला कलेक्टर), जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़) को दिनांक 07/09/2012 को आयोग में विषयांकित मामले की बैठक में बुलाया गया था। सचिव, सिंचाई विभाग एवं कलेक्टर, जशपुर दोनों ही अधिकारीगण आयोग की उपरोक्त बैठक में उपस्थित नहीं हुए तथा न ही अपनी अनुपस्थिति के संबंध में उचित कारण/वजह से आयोग को सूचित किया। आयोग द्वारा उपरोक्त अधिकारियों के आयोग के प्रति इस प्रकार के असहयोगात्मक रवैये/व्यवहार को गंभीरता से लिया गया है। माननीय अध्यक्ष द्वारा विषयांकित मामले में चर्चा हेतु अगली बैठक दिनांक 04/10/2012 को दिन के 12:30 बजे आयोग में रखी गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि ~~बैठक में~~ आप स्वयं विषयांकित मामले में आपके विभाग से संबंधित संपूर्ण दस्तावेजों/अभिलेखों के साथ निर्धारित दिनांक व समय पर आयोग में आयोजित बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

(एन.के. मारन)
अनुसंधान अधिकारी

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. श्री सहदेव निकुंज, किसान महासभा, ग्राम रेडे, पो0-कुकुरभुका, जिला जशपुर, छत्तीसगढ़।

(एन.के. मारन)
अनुसंधान अधिकारी

Tel. : 011-24657271, 011-24615012, 011-24624714, Fax : 011-24604689, 011-24624191